# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बिजनौर–(उ0प्र0)

## प्रशासकीय परिषद् की बैठक की
## कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ बैठक संख्या | द्वितीय |
| ➢ दिनॉक | 15 सितम्बर, 2016 |
| ➢ समय | 01.30 बजे (अपराह्न) |
| ➢ स्थान | सभा कक्ष सं0 80<br>मुख्य भवन,<br>उत्तर प्रदेश सचिवालय,<br>लखनऊ। |

**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद् की दिनॉक 15.09.2016, अपराह्न 01:30 बजे, श्री फरीद महफूज किदवई जी, माननीय राज्यमत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदश सचिवालय, मुख्य भवन, लखनऊ स्थित सभा कक्ष सं0 80 में सम्पन्न हुई द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त.**

**बैठक में निम्नोक्त सदस्य उपस्थित हुए।**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | श्री फरीद महफूज किदवईजी<br>माननीय राज्यमंत्री **(स्वतंत्र प्रभार)**.<br>प्राविधिक शिक्षा,उ0प्र0शासन,<br>लखनऊ | अध्यक्ष |
| **2.** | श्रीमती मोनिका एस गर्ग<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा,उ0प्र0शासन,लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| **3.** | प्रो0 वी0के0 सिंह<br>प्रतिकुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ | कुलपति प्रतिनिधि सदस्य |
| **4.** | सुश्री शीतल वर्मा<br>विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0शासन,लखनऊ | सदस्य |
| **5.** | श्री अजय कुमार सिंह<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>विकास नगर, कानपुर | सदस्य |
| **6.** | प्रो0 एम0एम0 गोरे<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय, प्रौद्योगिकी संस्थान.<br>इलाहाबाद | सदस्य |
| **7.** | श्री आनन्द मोहन अवस्थी<br>सी0ई0 पावर, सर्विस इण्डिया प्रा0लि0<br>नई दिल्ली | सदस्य |
| **8.** | श्री विजेन्दर सिंह<br>डीन, (पुरा–छात्र)<br>इलेक्ट्रिकल एण्ड इन्सट्र0 कंट्रोल विभाग<br>एन0एस0आई0टी0<br>नई दिल्ली | सदस्य |

9. प्रो0 अकील अहमद — सदस्य
इन्टीग्रल यूनीवर्सिटी
लखनऊ

10. श्री अवध किशोर — विशेष आमंत्रित सदस्य
अनु–सचिव
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–01
उ0प्र0शासन,
लखनऊ

11. प्रो0 अभय कुमार वर्मा — सदस्य सचिव
निदेशक

**अपरिहार्य कारणवश बैठक में निम्नोक्त सदस्य उपस्थित नही हो सके।**

1. प्रो0 इन्द्रनील मन्ना — सदस्य
निदेशक,
आई0आई0टी0,कानपुर

2. प्रो0 सुदीप्तो बनर्जी — सदस्य
निदेशक,
आई0आई0टी0,रुड़की (उत्तराखण्ड)

3. प्रो0 एस0जी0 देशमुख — सदस्य
निदेशक
आई0आई0आई0टी0एम0
ग्वालियर (मध्य प्रदेश)

4. प्रो0 आर0 के खाण्डल — सदस्य
Presedent (R&D)
Busniss Development India Glycols Ltd.
2B, Sector-126, NOIDA
Gautam Budh Nager

02:01 **प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद् की प्रथम बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति परिषद् के अवलोकन के उपरान्त परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। प्रशासकीय परिषद् की प्रथम बैठक दिनॉक 07.07.2009 के पश्चात लम्बे अंतराल लगभग सात वर्षो के बाद द्वितीय बैठक 15.09.2016 को सम्पन्न होने पर परिषद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई, और भविष्य में एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम तीन बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये गये।

02:02 **प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद् की प्रथम बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत किया गया। कृत कार्यवाही पर माननीय सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

02:03 **प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न बैठक के बाद संस्थान में हुए विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक किया–कलापों से परिषद् को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न बैठक से अद्यतन शैक्षिक गतिविधियॉ, विकास कार्योएवं अन्य किया कलापों से अवगत हुई। समस्त भौतिक प्रगति पर माननीय सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। निर्माण सम्बन्धी कार्यो की प्रगति, भवन हस्तान्तरण, नवीन परिसर में प्रयोगशालाओं की स्थापना, फर्नीचर कय, वित्त एवं लेखाधिकारी की तैनाती, वाहन कय, वृक्षा रोपण आदि विकास कार्यो से परिषद् को अवगत कराया गया। इस कम में माननीय सदस्यों द्वारा निम्न निर्देश दिये गये।

1. छात्रों हेतु Communication & Presentation Skill बढाये जाने के प्रयास किये जाये तथा Personality Development के कोर्स संचालित करवाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर में कार्यवाही की जाये।
2. वर्तमान में शैक्षिक संचालन व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों हेतु संस्थान के समीप स्थित प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से अनुभवी शिक्षकों को आमंत्रित कर गुणवत्ता परक शिक्षण हेतु नीति कारगर ढंग से अपनाई जाये।
3. शैक्षणिक गतिविधियॉ जैसे कार्यशाला आदि का आयोजन प्रभावी ढंग से करने हेतु एवं छात्रों में गुणवत्ता विकास हेतु आयोजनो को कम से कम दो सप्ताह/चार सप्ताह तक किया जाये।
4. सेवायोजन में प्रभावी सुधार हेतु उद्योगविदो से नियमित सम्पर्क किया जाये।
5. वर्तमान सत्र 2016–17 में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष **(लेट्ररल इंट्री)** में कुल प्रवेश पर संतोष व्यक्त किया गया।
6. भविष्य में रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु Spot Councelling की कार्यवाही की जाये।

**आय व्ययक अनुदान सम्बन्धी सूचना**

डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की दिनॉक 22 मार्च, 2016 को सम्पन्न वित्त समिति की बैठक संख्या 44 के बिन्दु संख्या 10 पर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर का वित्तीय वर्ष 2016–17 का बजट (छठी वित्त समिति) अनुमोदन से परिषद् अवगत हुई।

Director
RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE
BIJNOR

वित्तीय वर्ष 2016–17के लिए अनुमोदित बजट में संस्थान आय–व्ययक व शासन के अनुमोदन को सम्मिलित करने के पश्चात् अपेक्षित अतिरिक्त धनराशि का संशोधन बजट प्रस्ताव शासन को शीघ्र प्रेषित किये जाने के निर्देश परिषद् द्वारा दिया गया। जिस पर अनुमोदन प्रदान करने के लिए परिषद् द्वारा अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद् मा0 मंत्री जी प्राविधिक शिक्षा को अधिकृत किया गया। साथ ही संस्थान में बचत की 50 प्रतिशत सीमा तक Corpus व Endowment Fund बनाये जाने का भी निर्देश परिषद् द्वारा दिया गया।

**02.04 संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना व औपचारिक अनुमोदन**

उ0प्र0 शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग के आदेश सख्या 110/सोलह–1–2015–14(44)/2014 दिनांक 13.01.2015 द्वारा निदेशक/प्राचार्य के पद पर प्रो0 अभय कुमार वर्मा, प्रोफेसर सिविल अभियन्त्रण विभाग बी.आई.ई.टी झासी की तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति की गई है। प्रो0 अभय कुमार वर्मा द्वारा निदेशक/प्राचार्य के पद पर दिनांक 16.01.2015 को कार्यभार ग्रहण कियेजाने से परिषद् अवगत हुई तथा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**02:05 संस्थान के नाम परिवर्तन की सूचना व औपचारिक अनुमोदन**

उ0प्र0 शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग के आदेश सख्या 2590/सोलह–1–2015–14(21)/2008 दिनांक 17.08.2015 द्वारा डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, बिजनौर का नाम परिवर्तित करते हुए **राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर** नामकरण का आदेश जारी किया गया है। परिषद् नाम परिवर्तन की सूचना से अवगत हुई और औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**02:06 प्रशासकीय परिषद् व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

उ0प्र0 शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग के आदेश सख्या 2642/सोलह–1–2015–14(25)/2015 दिनांक 05.08.2015 द्वारा संस्थान की सोसाइटी रूल्स के नियम 7 (7), (11) एवं (12) में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार संस्थान की प्रशासकीय परिषद् में प्रोफेसर एम0एम0 गोरे, कम्प्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, डा0 आर0के0 खाण्डल पूर्व कुलपति उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ,, प्रो0 एस0जी0 देशमुख, निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान ग्वालियर, एवं श्री आनन्द अवस्थी, जी0ई0 पावर सर्विसेज नई दिल्ली को प्रशासकीय परिषद् का सदस्य नामित किया गया हैं। शासनादेश संख्या 3595/सोलह–1–2015 –87/91 दिनांक 15.10.2015द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर की सोसाइटी रूल्स के नियम 29ए में प्राविधानित क्रय समिति में राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रोफेसर प्रमोद कुमार त्रिपाठी, आयल एण्ड पेन्ट प्रौद्योगिकी विभाग एच0बी0टी0आई0 कानपुरको सदस्य नामित किया गया हैं। शासन के आदेश संख्या 3644/सोलह–1–2015–14(25)/2015 दिनॉक 08 दिसम्बर, 2015 द्वारा संस्थान के प्रशासकीय परिषद् हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग नामित सदस्य हेतु प्रो0 आकिल अहमद, पूर्व डीन, लखनऊ विश्वविद्यायल लखनऊ (सम्प्रत इन्टीग्रल यूनीवर्सिटी लखनऊ से सम्बद्ध) एवं अनुसूचित जाति/जन जाति नामित सदस्य हेतु प्रो0 विजेन्दर सिंह, डीन (पुरा–छात्र). इलेक्ट्रिकल एवं इन्स्ट्र0 कंट्रोल, विभाग एन0एस0आई0टी0 न्यू दिल्ली को नामित किया गया है। परिषद् उपरोक्तानुसार नॉमिनेशन की वस्तुस्थिति से अवगत हुई और औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

Director
RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE
BIJNOR

**02:07 सोसाइटी के नवीनीकरण से परिषद् को अवगत कराना**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर सोसाइटी का पंजीकरण सोसाइटीज एवं चिट्स फन्ड से कराया गया है। सोसाइटी का नवीनीकरण, पंजीकरण एवं निबन्धन के कानपुर कार्यालय से अवेदन कराया जा चुका हैं। संस्था का नाम व अन्य संशोधन के सन्दर्भ में सोसाइटी की बैठक में एवं शासन द्वारा लिए गये निर्णय के अनुसार संशोधन की कार्यवाही की जा चुकी है। सोसाइटी के नवीनीकरण की वर्तमान वस्तुस्थिति से परिषद् को अवगत कराया गया ।

**02:08 संस्थान के प्रतीक चिन्ह (Monogram)बनाये जाने पर विचार एवं अनुमोदन**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर, के प्रतीक चिन्ह (Monogram)निर्धारित करने के लिए एक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश दिये गये, जिसमे संस्थान, फाइन आर्टस कॉलेज,राष्ट्रीय ललित कला संस्थान एवं राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों की सहभागिता हो।इसमें प्रोत्साहन राशि की भी घोषण की जाये। मोनोग्राम में कौशल को भी सम्मिलित किया जाये।

**02: 09 अभातशिप द्वारा शैक्षिक सत्र 2016–17 से अनुमोदन प्राप्त होने की सूचना एवं सम्बद्ध कॉलेज बनाये जाने के संबंध में**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ से सम्बद्ध (एफिलिएटेड) शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थान घोषित किये जाने सम्बन्धित शासनादेश संख्या 15/2016/3394/सोलह–1–2016–14(28)/2010 दिनॉक 26.08.2016 से अवगत होते हुये अंगीकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**02:10 नये कोर्सेज खोले जाने पर निर्णय**

संस्थान में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में, कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स प्रारम्भ किये जाने हेतु अभातशिप द्वारा मान्यता सत्र 2016–17 से मिल गई थी।शैक्षिक सत्र 2017–18 से CS&E को प्रारम्भ किये जाने पर सम्यक विचारोपरान्त परिषद् द्वारा यह निर्देश दिया गया कि शिक्षकों की नियुक्ति के उपरान्त अगले शैक्षिक सत्र 2017–18 से पाठ्यकम प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाये।

**02:11 टेकिप ।।। के आवेदन पर निर्णय**

शैक्षिक एवं अन्य मूलभूत गुणात्मक सुधार के लिएटेकिप–।।। प्रोजेक्ट के अर्न्तगत अनुदान प्राप्त करने से पूर्व संस्थान द्वारा विश्व बैंक सहायता के लिए निर्धारित समस्त मानको को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस कम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अधिनियम 1956 के 2f/12B के अधीन संस्थान को मान्यता प्राप्त कर टेकिप ।।। सहभागिता हेतुमार्च 2017 तक आवेदन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**02:12 संस्थान की प्रशासनिक स्वायत्तता पर विचार एवं निर्णय**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर को स्वायत्तशाषी (Autonomous) संस्थान बनाये जाने के सन्दर्भ में प्रस्तुत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइड लाइन से अवगत होते हुए परिषद द्वारा गाइड लाइन के अनुसार आवश्यक तैयारी किये जाने का निर्देश दिया गया। संस्थान में शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति के उपरान्त सत्र 2017–18 में (NBA) नेशनल बोर्ड आफ एकीडिटेशन/NAAC के द्वारा प्रत्यायन (Acredition)/ मान्यता हेतु आवेदन करने व तदुपरान्त संस्थान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सत्र 2018–19 में स्वायत्तशाषी संस्थान बनाये जाने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को आवेदन किये जाने का भी निर्देश परिषद द्वारा दिया गया।

Director
RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE
BIJNOR

02:13 **शैक्षिक व गैर शैक्षिक पदों तथा चतुर्थ श्रेणी व सुरक्षा कर्मियों के पदों पर चयन की कार्यवाही पर विचार एवं निर्णय**

**1. शैक्षिक पद**

संस्थान की स्थापना के छः वर्ष में शैक्षिक पदो के अभी तक न भरे जाने पर परिषद् द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। सृजित शैक्षिक पदों के सापेक्ष में प्रस्तुत विषयवार, पद निर्धारण व विभागवार/विषयवार आरक्षण का अनुमोदन प्रदान करते हुए परिषद् द्वारा तत्काल विज्ञापन जारी करते हुए नियुक्ति की प्रकिया शीघ्र पूर्ण किये जाने का निर्देश परिषद् द्वारा दिया गया। एम0एन0एन0आई0टी0, इलाहाबाद द्वारा भेजे गये सुझाव को संस्थानों को प्रेषित करके कमेण्ट्स प्राप्त करके शासन द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरुप कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये।

**2. गैर शैक्षिक पद**

संस्थान की स्थापना के छः वर्ष में गैर शैक्षिक पदों के अभी तक न भरे जाने पर परिषद् द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। सृजित गैर शैक्षिक पदों के सापेक्ष में प्रस्तुत पदवार आरक्षण का अनुमोदन प्रदान कते हुए तत्काल विज्ञापन जारी करने व नियुक्ति की प्रकिया नियमानुसार शीघ्र पूर्ण किये जाने का निर्देश परिषद् द्वारा दिया गया।

02: 14 **अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**

**अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न की गई।**

| (प्रो0 अभय कुमार वर्मा ) | (श्रीमती मोनिका एस गर्ग) | (श्री फरीद महफूज किदवई) |
|---|---|---|
| निदेशक | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा | मा0राज्यमत्री **(स्वतंत्र प्रभार), प्रा0शि0** |
| सदस्य सचिव | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| प्रशासकीय परिषद् | प्रशासकीय परिषद् | प्रशासकीय परिषद |

Director
RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE
BIJNOR